# राज्यपालीय आपदा उद्घोषणा

**जबकि**, मंकीपॉक्स एक दुर्लभ, लेकिन संभावित रूप से गंभीर वायरस-जनित बीमारी है, जो मंकीपॉक्स वायरस से होती है, जिसकी फ्लू जैसे लक्षणों और लिम्फ नोड्स की सूजन से शुरू होती है, और चिकित्सा जटिलताओं, जिसमें चेहरे और शरीर पर दाने आना शामिल हैं, की एक श्रृंखला तक बढ़ती है; तथा,

**जबकि**, मंकीपॉक्स वायरस मनुष्यों में किसी संक्रमित व्यक्ति या जानवर के निकट संपर्क में आने से, या वायरस से दूषित सामग्री, जैसे घावों, शरीर के तरल पदार्थ, लंबे समय तक आमने-सामने संपर्क के दौरान श्वसन बूंदों और बिस्तर, तौलिये या कपड़ों जैसी दूषित सामग्री के साथ निकट संपर्क में आने के माध्यम से फैलता है; तथा,

**जबकि**, यह वायरस दर्द और गंभीर जटिलताएं पैदा कर सकता है, विशेष रूप से प्रतिरक्षा में अक्षम व्यक्तियों में; तथा,

**जबकि**, 17 मई, 2022 को संयुक्त राज्य अमेरिका ने मैसाचुसेट्स में मंकीपॉक्स के पहले अमेरिकी मामले की पुष्टि की, और 29 अगस्त, 2022 तक सभी 50 राज्यों, प्यूर्टो रिको और कोलंबिया जिले में 17,432 पुष्ट मामलों की पहचान की गई है; तथा,

**जबकि**, इलिनॉय लोक स्वास्थ्य विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ) और शिकागो लोक स्वास्थ्य विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ) ने 2 जून, 2022 को इलिनॉय में पहले संभावित मंकीपॉक्स मामले की घोषणा की; तथा,

**जबकि**, 1 अगस्त, 2022 को, मंकीपॉक्स वायरस के खतरे के कारण, मैंने इलिनॉय राज्य के सभी काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित किया; तथा,

**जबकि**, 29 अगस्त, 2022 तक, इलिनॉय में मंकीपॉक्स वायरस के पुष्ट या संभावित 1049 मामलों की पहचान की गई है, और भविष्य में और अधिक मामलों की संभावना है; तथा,

**जबकि**, इलिनॉय वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका के सबसे अधिक मामलों में छठे स्थान पर है; तथा,

**जबकि,** इलिनॉय में पहचान किए गए मामले वयस्क पुरुषों में अत्यधिक हैं; तथा,

**जबकि,** 23 जुलाई, 2022 को, विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक ने घोषणा की कि मंकीपॉक्स का वैश्विक प्रकोप अंतरराष्ट्रीय चिंता के लोक स्वास्थ्य आपातकाल का प्रतिनिधित्व करता है; तथा,

**जबकि,** दुनिया भर के 92 देशों में मंकीपॉक्स के मामले सामने आने के साथ, रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (CDC) मंकीपॉक्स का सामना करने वाले अन्य देशों के साथ सहयोग और परामर्श कर रहा है; तथा,

**जबकि**, इलिनॉय के निवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा राज्य सरकार के सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है; और,

**जबकि,** मंकीपॉक्स वायरस से होने वाली लोक स्वास्थ्य आपदा की प्रतिक्रिया में इलिनॉय, IDPH प्रयोगशालाओं में नमूनों का परीक्षण करा रहा है; मंकीपॉक्स के टीकाकरण और उपचार के वितरण का समन्वय और वितरण कर रहा है; स्थानीय स्वास्थ्य विभागों, अन्य राज्यों और CDC के साथ केसों व उजागर व्यक्तियों पर डेटा एकत्र करके, उसका विश्लेषण कर रहा है और विस्तृत जानकारी साझा कर रहा है; मंकीपॉक्स के संदिग्ध व्यक्तियों के निदान, परीक्षण और उपचार के बारे में स्वास्थ्य पेशेवरों को मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है और मंकीपॉक्स वायरस पर सार्वजनिक संदेश पहुंचा रहा है ताकि नागरिक जल्दी पहचान, उपचार, टीकाकरण और निवारक उपायों को करके खुद को और दूसरों को मंकीपॉक्स से बचा सकें; और

**जबकि,** इलिनॉय राज्य के प्रयासों का उद्देश्य वायरस से जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए टीकाकरण की उपलब्धता का विस्तार करना और राज्य भर में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और रोगियों के लिए जांच को अधिक सुविधाजनक बनाना है; तथा,

**जबकि,** इलिनॉय राज्य को सबसे अधिक प्रभावित आबादी तक पहुंचने के साथ-साथ नए संक्रमित लोगों को जल्द से जल्द उपचार प्रदान करने के लिए राज्य भर में वितरण स्थलों तक टीकों और उपलब्ध उपचारों के त्वरित परिवहन की सुविधा मुहैया कराने की आवश्यकता है; तथा,

**जबकि,** यू.एस. स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग ने मंकीपॉक्स वैक्सीन जेन्नियोस की 7,458 खुराक इलिनॉय राज्य को, और 20,849 शिकागो शहर को, निकट भविष्य में टीकाकरण की अधिक खुराक उपलब्ध होने की अपेक्षा के साथ भेजी है; तथा,

**जबकि,** मंकीपॉक्स वायरस के संपर्क में आने से पहले और तुरंत बाद दोनों स्थितियों में, इसके संक्रमण को कम करने में मंकीपॉक्स के टीके प्रभावी होते हैं; तथा,

**जबकि,** टीकाकरण की आपूर्ति वर्तमान में सीमित है और राज्य को यह सुनिश्चित करने के लिए टीका आपूर्ति के वितरण को प्राथमिकता देनी चाहिए कि जब तक अतिरिक्त आपूर्ति उपलब्ध न हो तब तक व्यक्तियों को दूसरी खुराक प्राप्त करने से पहले पहली खुराक का जितनी जल्दी हो सके टीकाकरण कर दिया जाए; तथा,

**जबकि,** मंकीपॉक्स को फैलने से रोकने के इन प्रयासों के बावजूद, वायरस पूरे इलिनॉय में, विशेष रूप से कुछ समुदायों में संचरण के उच्च जोखिम के साथ, तेजी से फैल रहा है; तथा,

**जबकि**, मंकीपॉक्स वायरस की संप्रेषणीयता से पास के क्षेत्रों में फैलने का गंभीर खतरा होता है, जैसे कि कांग्रिगेट केयर सेटिंग्स, कक्षाएं, डॉर्मटॉरी, करेक्शनल फसिलिटीज़, ग्रूप होम, होमलेस शेल्टर, और लांग-टर्म केयर फसिलिटीज़; तथा,

**जबकि**, उच्च शिक्षा के संस्थान (IHE) कांगग्रगैट सेटिंग्स पर मार्गदर्शन को समझकर और यह सुनिश्चित करके तैयारी कर सकते हैं कि उनका छात्र स्वास्थ्य केंद्र हेल्थकेयर पेशेवरों के लिए मार्गदर्शन से अवगत है; तथा,

**जबकि,** मंकीपॉक्स वायरस के प्रकोप के आस-पास की परिस्थितियां विकसित हो रही हैं, जिसमें मंकीपॉक्स के पुष्ट मामलों के खिलाफ वैक्सीन पात्रता, वैक्सीन प्रशासन तकनीकों, टीकाकरण और उपचार के लिए आपूर्ति की उपलब्धता में बदलाव शामिल है, इलिनॉय लोक स्वास्थ्य विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ) और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी) ने मंकीपॉक्स वायरस को लेकर प्रतिक्रियास्वरूप महत्वपूर्ण संसाधनों पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया है; तथा,

**जबकि,** पूर्वगामी तथ्यों के आधार पर, और मंकीपॉक्स वायरस के तेजी से प्रसार और राज्य भर में लोगों द्वारा महसूस किए जा रहे स्वास्थ्य प्रभावों पर विचार करते हुए, इलिनॉय में मंकीपॉक्स के प्रसार के आस-पास की वर्तमान परिस्थितियाँ इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम (IEMA अधिनियम) की धारा 4 के तहत एक महामारी आपातकाल और एक लोक स्वास्थ्य आपातकाल का गठन करती हैं; तथा,

**जबकि,** मंकीपॉक्स वायरस के आसपास की परिस्थितियों के परिणामस्वरूप IEMA अधिनियम की धारा 4 के तहत व्यापक संक्रमण और जीवन की संभावित हानि की घटना या जोखिम उत्पन्न हुआ है; तथा,

**जबकि,** यह उद्घोषणा इलिनॉय एजेंसियों को राज्य और संघीय संसाधनों के समन्वय में सहायता करेगी, जिसमें वर्तमान लोक स्वास्थ्य आपातकाल को लेकर राज्य की प्रतिक्रिया के साथ-साथ स्थानीय सरकारों की प्रतिक्रिया का समर्थन करने के प्रयास में मंकीपॉक्स वायरस के जांच के लिए आवश्यक सामग्री, और टीकाकरण और उपचार आपूर्तियों का वितरण और पहुंच शामिल हैं; तथा,

**जबकि,** यह उद्घोषणा इलिनॉय एजेंसियों को राज्य और संघीय वसूली निधियों के समन्वय में भी सहायता करेगी; तथा,

**जबकि,** ये स्थितियां इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम के अनुभाग 7 के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य आपातकाल के आधार पर आपदा की उद्घोषणा जारी करने का विधिक औचित्य प्रदान करती हैं; तथा,

**जबकि,** इलिनॉय के संविधान के अनुच्छेद V के अनुभाग 8 में कहा गया है कि "राज्यपाल के पास सर्वोच्च कार्यकारी शक्ति होगी, और वह कानूनों के न्यायसंगत निष्पादन के लिए जिम्मेदार होगा," और प्रस्तावना में कहा गया है कि, इलिनॉय के संविधान का केंद्रीय उद्देश्य "लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के लिए कार्य करना" है;

**अब, इसलिए,** इलिनॉय के लोगों और लोक स्वास्थ्य व सुरक्षा हेतु उत्तरदायी स्थानीय सरकारों की सहायता के हित में, मैं, जेबी प्रिट्ज़कर (JB Pritzker), इलिनॉय का राज्यपाल (गवर्नर), इसके द्वारा निम्नगत उद्घोषणा करता हूँ:

**अनुभाग 1.** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम, 20 ILCS 3305/7, के अनुभाग 7 के प्रावधानों के अनुसरण में, मैं यह पाता हूं कि इलिनॉय राज्य में मंकीपॉक्स वायरस से लोक स्वास्थ्य आपातकाल के कारण एक आपदा मौजूद है और विशेष रूप से इलिनॉय राज्य की सभी काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित करता हूं। यह उद्घोषणा, इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम, 20 ILCS 3305/7, के अनुभाग 7 में प्रदत्त समस्त आपातकालीन शक्तियों, जिनमें नीचे वर्णित विशिष्ट आपातकालीन शक्तियां शामिल हैं पर उन्हीं तक सीमित नहीं हैं, के उपयोग के प्राधिकार की अनुमति देती है।

**अनुभाग 2.** इलिनॉय लोक स्वास्थ्य विभाग और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण को यह निर्देश दिया जाता है कि वे वर्तमान लोक स्वास्थ्य आपातकाल हेतु योजना बनाने और उस पर प्रतिक्रिया देने के संदर्भ में एक-दूसरे के साथ तालमेल रखें।

**अनुभाग 3.** इलिनॉय लोक स्वास्थ्य विभाग को यह निर्देश दिया जाता है कि वह वर्तमान लोक स्वास्थ्य आपातकाल के सम्बंध में मंकीपॉक्स वायरस के प्रसार को कम करने और रोकने के द्वारा लोक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए रणनीतियों और योजनाओं के विकास और कार्यान्वयन में राज्यपाल (गवर्नर), अन्य राज्य अभिकरणों एवं स्थानीय प्राधिकरणों, जिनमें स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राधिकरण शामिल हैं, के साथ सहयोग करे।

**अनुभाग 4.** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण को यह निर्देश दिया जाता है कि वह आपदा प्रतिक्रिया और बहाली कार्यक्रमों में स्थानीय सरकारों की सहायता हेतु राज्य के संसाधनों का समन्वयन करने के लिए राज्य आपातकालीन संचालन योजना कार्यान्वित करे।

**अनुभाग 5.** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम द्वारा अधिकृत प्रतिक्रिया और अन्य आपातकालीन शक्तियों के लिए आवश्यक आपातकालीन खरीद में सहायता के लिए, इलिनॉय प्रोक्योरमेंट कोड के प्रावधान जो किसी भी तरह से मंकीपॉक्स वायरस के प्रसार को कम करने और रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई को रोकते, बाधित करते या देरी करते हैं और टीकों और उपचार की उपलब्धता को उस सीमा तक निलंबित कर देते हैं, जिसकी संघीय कानून द्वारा आवश्यकता नहीं होती है। यदि आवश्यक हो तो, और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम, 20 ILCS 3305/7(1) के अनुभाग 7(1) के अनुसरण में, राज्यपाल (गवर्नर) अतिरिक्त संविधियों, आदेशों, नियमों, और विनियमों को स्थगित करने के लिए उपयुक्त कार्यकारी कार्रवाई कर सकता है।

**अनुभाग 6.** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम, 20 ILCS 3305/7(3) के अनुभाग 7(3) के अनुसरण में, यह उद्घोषणा राज्यपाल (गवर्नर) के, आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्यक्रमों को निष्पादित या सुगमित करने के उद्देश्य से राज्य के विभागों और उनके अभिकरणों या इकाइयों के निर्देश, कार्मिकों या कार्यों को स्थानांतरित करने के प्राधिकार को, आवश्यकतानुसार, सक्रिय करती है।

**अनुभाग 7.** आवश्यक होने पर, यह उद्‌घोषणा संघीय आपातकाल और/या आपदा में सहायता के अनुरोधों को सुगम बना सकती है।

**अनुभाग 8.** यह उद्‌घोषणा तत्काल प्रभावी होगी और 30 दिनों तक प्रभावी रहेगी।

जिसे साक्षी मानकर, मैंने इस दस्तावेज़ पर मेरे हस्ताक्षर किए हैं और इलिनॉय राज्य की महान मोहर लगवाई है।

इस कार्य को हमारे परमेश्वर के दो हज़ार बाईसवें वर्ष, और इलिनॉय राज्य के दो सौ चार, तथा अगस्त के 30वें दिन, स्प्रिंगफ़ील्ड (Springfield) शहर में विधायिका व कार्यपालिका भवन (कैपिटल) में संपन्न किया गया।

राज्य के सचिव

गवर्नर